श्री चेतन आनंद, माननीय स०वि०स० द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या– 29/26 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखंड अन्तर्गत ग्राम परसिया, हाथीखाप, कल्याणपुरा, करहारा, बटुरा, शिसो बिगहा आदि गांवों का पटवन पूर्व से बरौली सुलीस से होता रहा है, लेकिन किसानों को हर साल विवाद तथा पटवन के सवाल पर हिंसक घटनाऐं होती रहती है। मामला न्यायालय से लेकर समक्षौता तक पहुंचा परंतु आज तक समाधान नहीं हुआ। इसके समाधान के लिए पटना मुख्य नहर के एक अतिरिक्त आउटलेट का प्रावधान किया जाना न्यायोचित होगा। इस संबंध में न्याय निर्णय हो चुका है परन्तु अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। अतः उक्त वर्णित समस्याओं का समाधान याचिका समिति के माध्यम से कराने की कृपा की जाय।	वस्तु स्थिति यह है कि पटना मुख्य नहर के कि0मी0 15 के दायें बांध से निःसृत बरौली आउटलेट (स्लुइस गेट) जिसका रूपांकित जलस्राव 20 क्यूसेक है, के माध्यम से औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखण्ड अंतर्गत परसिया, हाथीखाप, कल्याणपुरा, करहारा, बटुरा एवं शिसो बिगहा आदि गांवों का पटवन होता है। सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर परिक्षेत्राधीन पटना मुख्य नहर का रूपांकित जलस्राव 3000 क्यूसेक है एवं रूपांकित जलस्राव के अनुरूप विभिन्न बिन्दुओं पर कमांड क्षेत्र के आधार पर आउटलेट का निर्माण किया गया है। बरौली स्लुइस से पटवन होने वाले कमांड क्षेत्र में वर्तमान में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में एक अतिरिक्त आउटलेट का प्रावधान करने से डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में जल उपलब्धता घटेगी, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होगी। वर्णित स्थिति में, पटना मुख्य नहर के प्रश्नगत स्थल पर अतिरिक्त आउटलेट का प्रावधान करना तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–18 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–660 दिनांक–30.04.2026 के आलोक में प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0–29 / 26 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–18 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–18 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–18 / 2026 3045 पटना / दिनांक :.3/6/26..........................

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव